पत्रांक—01— सू०प्रा०(स्था०)—29 / 2026...1426 (अनु०)

**बिहार सरकार**
# सूचना प्रावैधिकी विभाग

प्रेषक,

अरविन्द कुमार चौधरी,
सरकार के विशेष सचिव

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / विभागाध्यक्ष,
सभी विभाग।

पटना, दिनांक 20/7/26

**विषयः—** **विभिन्न विभागों / कार्यालयों / संस्थानों में बेल्ट्रॉन के माध्यम से बाह्य स्रोत के आधार पर कार्यरत कर्मियों का Staffing एवं Payroll Management के संदर्भ में नीतिगत निर्णय लिये जाने के संबंध में अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 10.07.2026 (शुक्रवार) को आहूत बैठक कार्यवाही।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक कहना है कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों / कार्यालयों / संस्थानों में बेल्ट्रॉन के माध्यम से बाह्य स्रोत के आधार पर कार्यरत कर्मियों का Staffing एवं Payroll Management के संदर्भ में नीतिगत निर्णय लिये जाने के संबंध में अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 10.07.2026 (शुक्रवार) को आहूत बैठक की कार्यवाही संलग्न है।

2. उक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बेल्ट्रॉन के द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मियों के साथ—साथ विभिन्न विभागों / कार्यालयों में संविदा के आधार पर कार्यरत कर्मियों की विभागवार सूचनाएँ प्राप्त की जाएँ।

3. उक्त सूचना प्राप्त किये जाने हेतु एक विहित प्रपत्र संलग्न है।

4. अनुरोध है कि बेल्ट्रॉन के द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मियों के साथ—साथ विभिन्न विभागों / कार्यालयों में संविदा के आधार पर कार्यरत कर्मियों की विभागवार सूचनाएँ विहित प्रपत्र में एक पक्ष के अंदर उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

अनु०—यथोक्त।

विश्वासभाजन,

20.07.26

(अरविन्द कुमार चौधरी)
सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांकः 01— सू०प्रा०(स्था०)—29 / 2026...1426 पटना, दिनांक 20/7/26

प्रतिलिपिः प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लि०, बेल्ट्रॉन भवन, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20.07.26

सरकार के विशेष सचिव

विभिन्न विभागों/कार्यालयों/संस्थाओं में संविदा/आउटसोर्स के आधार पर कार्यरत कर्मियों के संबंध में विहित जाँच–पत्रक।

| क्र० | विभाग का नाम | पदनाम | संविदा का पद | | | आउटसोर्सिंग का पद | | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्वीकृत बल | कार्यरत बल | संविदा का स्त्रोत/माध्यम | स्वीकृत बल | कार्यरत बल | आउटसोर्सिंग का स्त्रोत/माध्यम | |
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
| 1 | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | | |
| 9 | | | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | | | |

**माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा Civil Appeal No. of 2026 भोला नाथ बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में दिनांक 30.01.2026 को पारित आदेश एवं Civil Appeal No. of 2024 (Arising out of SLP (C) No.-5580 of 2024) with Civil Appeal No. of 2024 (Arising out of SLP (C) No.-11086 of 2024) जग्गो बनाम Union of India में दिनांक 20.12.2024 को पारित आदेश तथा विद्वान महाधिवक्ता, बिहार के परामर्श के आलोक में विभिन्न विभागों/कार्यालयों/संस्थाओं में बेल्ट्रॉन के माध्यम से बाह्य स्रोत के आधार पर कार्यरत कर्मियों का Staffing एवं Payroll Management के संबंध में दिनांक 10.07.2026 को अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक की कार्यवाही।**

---

**उपस्थितिः– सूची संलग्न।**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा Civil Appeal No. of 2026 भोला नाथ बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में दिनांक 30.01.2026 को पारित आदेश एवं Civil Appeal No. of 2024 (Arising out of SLP (C) No.-5580 of 2024) with Civil Appeal No. of 2024 (Arising out of SLP (C) No.-11086 of 2024) जग्गो बनाम Union of India में दिनांक 20.12.2024 को पारित आदेश तथा विद्वान महाधिवक्ता, बिहार के परामर्श के आलोक में विभिन्न विभागों/कार्यालयों/संस्थाओं में बेल्ट्रॉन के माध्यम से बाह्य स्रोत के आधार पर कार्यरत कर्मियों का Staffing एवं Payroll Management के संबंध में अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में समिति की बैठक दिनांक 10.07.2026 को निम्नांकित निर्णय लिये गये :–

1. बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सचिव, सूचना प्रावैधिकी विभाग समिति का सदस्य सचिव होंगे।
2. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बेल्ट्रॉन के द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मियों के साथ–साथ विभिन्न विभागों/कार्यालयों में संविदा के आधार पर कार्यरत कर्मियों की विभागवार सूचनाएँ प्राप्त की जाएँ।

बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

Rajeev 14.7.2026

(डॉ० बी० राजेन्दर)
अपर मुख्य सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार, पटना।